# चिंतन शिविर

## चर्चा में क्यों?

[महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MoWCD)](#) **10 से 12 जनवरी, 2025 तक राजस्थान के उदयपुर में चिंतन शिविर का** आयोजन कर रहा है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में देश भर में **महिलाओं और बच्चों के विकास और कल्याण में बाधा डालने वाली चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी** और उनके लिये सर्वोत्तम समाधान निकाले जाएँगे।

## मुख्य बिंदु

- **केंद्रित सत्र:**
- **मिशन वात्सल्य: बेहतर बाल देखभाल संस्थानों,** पालन-पोषण देखभाल, गोद लेने और पश्चात देखभाल के माध्यम से बाल कल्याण को बढ़ाना।
- **मिशन शक्ति:** महिला सुरक्षा, बाल विवाह की समस्या का समाधान तथा **SHe-Box पोर्टल** सहित प्रौद्योगिकी के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना।
- **मिशन सक्षम आँगनवाड़ी और पोषण 2.0:** पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य और जागरूकता सेवाओं के केंद्र के रूप में आंगनवाड़ी केंद्रों को प्रबल करना।
- **खुली चर्चा और सहयोगात्मक समस्या समाधान:**
- शिविर में चुनौतियों का समाधान करने तथा नवीन समाधानों को साझा करने के लिये राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ संवाद की सुविधा प्रदान की जाएगी।
- प्रमुख विषयों में **आँगनवाड़ी केंद्रों में सुधार,** बाल कल्याण कार्यक्रमों में तेज़ी लाना तथा महिला सशक्तीकरण के लिये प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना शामिल है।

## SHe-Box पोर्टल

- इसे **कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013** के कार्यान्वयन को बढ़ाने के लिये **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2024 में लॉन्च किया गया था।**
    - पोर्टल को **शिकायतकर्त्ता के विवरण को छिपाने तथा गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिये डिज़ाइन किया गया है तथा केवल आंतरिक समिति (IC) या स्थानीय समिति (LC) के अध्यक्ष को** ही इस जानकारी तक पहुँच होगी।
- शिकायत पीड़ित महिला या **उसकी ओर से किसी प्रतिनिधि द्वारा दर्ज की जा सकती है। इस प्रक्रिया में काम की स्थिति, नाम, फोन नंबर और ईमेल** जैसी बुनियादी जानकारी की आवश्यकता होती है।
    - यदि कार्यस्थल का IC या LC पोर्टल पर पंजीकृत है, तो शिकायतें स्वचालित रूप से कार्रवाई के लिये अग्रेषित कर दी जाती हैं।
- पोर्टल में विभिन्न प्रशासनिक स्तरों पर **नोडल अधिकारियों के लिये एक मॉनिटरिंग डैशबोर्ड शामिल है,** जिससे दर्ज, निपटाई गई और लंबित शिकायतों की संख्या पर नज़र रखी जा सके।
    - अधिनियम के तहत जाँच के लिये **90 दिन का समय निर्धारित है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chintan-shivir